**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी,भोपाल**
**दोपहर समाचार**

**दिनांक - 26.07.2026** **समय : 2.10पीएम**

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कैच द रेन अभियान के बारे में कहा कि चार जुलाई से यह विशेष राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण और जलाशयों तथा बागानों के जीर्णाद्धार को नई गति मिल रही है। उन्होंने बताया कि पुराने तलाबों से गाद हटाई जा रही है और कुओं तथा बावड़ियों का जीर्णाद्धार किया जा रहा है। अब भू-जल पुनर्भरण के लिए बोरवेल का उपयोग नहीं किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश में तालाबों और अमृत सरोवरों को मिले नए जीवन पर कहा-

श्री मोदी ने कल, 27 जुलाई को भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम के व्यक्तित्व में कई प्रेरणादायक पहलू थे, लेकिन एक शिक्षक की भूमिका उनके दिल के सबसे करीब थी। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ने बच्चों और युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा इस सप्ताह गुरु पूर्णिमा भी मनाई जाएगी। गुरु पूर्णिमा सभी मार्गदर्शकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।

करगिल विजय दिवस

करगिल विजय दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सैनिकों का अद्वितीय शौर्य, अटूट संकल्प और देशभक्ति भारतीय सशस्त्र बलों की उत्कृष्ट परंपरा का उदाहरण है। उप-राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि राष्ट्र उन वीर सैनिकों को नमन करता है जिनके असाधारण साहस, अटूट संकल्प और सर्वाेच्च बलिदान ने करगिल युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय को संभव बनाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी वीर सैनिकों का शौर्य सदा राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बना रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी देशभक्ति और कर्तव्य-निष्ठा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

संसद -विधेयक

सरकार कल लोकसभा में लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश करेगी। यह विधेयक सोमवार के लिए लोकसभा की कार्यसूची में शामिल है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह इस विधेयक को सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसका उद्देश्य लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में संशोधन करना है।

लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज निवाड़ी जिले में संयुक्त कार्यालय कलेक्ट्रेट भवन का लोकार्पण करेंगे। श्री यादव अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लगभग 193 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कुल 59 विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे।

अमरनाथ यात्रा

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के बाद आवाजाही दोबारा बहाल होने पर आज तड़के 4 हजार 474 श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू आधार-शिविर से बालतल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 166 वाहनों का काफिला है। हाल की बारिश से पारंपरिक मार्ग को हुए नुकसान के कारण आज जम्मू से अनंतनाग जिले के पहलगाम आधार शिविर के लिए कोई

जत्था रवाना नहीं किया गया। तीन जुलाई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक चार लाख से अधिक श्रद्धालु समुद्र तल से तीन हजार 880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं। अमरनाथ यात्रा 28 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन संपन्न होगी।

मौसम

प्रदेश में मानसून सक्रिय बना हुआ है। अगले 24 घंटे के लिए शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में 4 इंच या इससे अधिक बारिश होने की संभावना है। वहीं, राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर समेत प्रदेश के करीब 50 जिलों में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

---------------------------

**समाचार संक्षेप में :–**

- आगरमालवा में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत पुलिस विभाग द्वारा जिलेभर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।
- गुना अपर कलेक्टर न्यायालय, राजस्व प्रशासन ने पूरे प्रदेश में प्रकरण डिस्पोजल में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।
- शिवपुरी जिले में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कम पानी वाली फसलें बोने की सलाह दी है।
- झाबुआ जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

..............................